# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail.                Fax No 01374-222964  Tel No 01374-222444

पत्रांक– 221 /12–1, कोटबंगला, दिनांक 20/07/2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
उत्तरकाशी।

विषय :– जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत झानरू–साल्ड से सपला बस्ती मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.576 हे0 वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हुए 05 वर्ष व्यतीत होने के कारण भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त न होने के कारण NPV की संशोधित दरों के अनुसार निर्धारण कर अतिरिक्त धनराशि के मांग पत्र के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक–1257/PO दिनांक 03.06.2022 एवं वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, मुनि की रेती का पत्रांक–2430/1–14 दिनांक 09.06.2022 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि ऐसे प्रकरण जिनमें सैद्धान्तिक स्वीकृति (Stage-I Approval) जारी हुए 05 साल से अधिक समय व्यतीत हो चुका है परन्तु वर्तमान समय तक विधिवत स्वीकृति (Stage-II Approval) प्राप्त नही हुई है, में NPV की संशोधित दरों के अनुसार निर्धारण कर अतिरिक्त धनराशि का मांग पत्र जारी कर प्रस्तावक विभाग से अतिरिक्त धनराशि वसूल करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में आपको अवगत कराना है कि विषयगत मोटर में दिनांक 08.02.2018 को सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिसे 08.02.2023 को 05 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, परन्तु आतिथि तक विधिवत स्वीकृति प्राप्त नही हो पाई है।

अतः विषयगत मोटर मार्ग में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हुए 05 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त न हो पाने के कारण NPV की संशोधित दरों के अनुसार अतिरिक्त धनराशि जमा करने हेतु संशोधित डिमाण्ड नोट निम्नानुसार प्रेषित किया जा रहा है :–

| प्रस्ताव संख्या | ईको क्लास | क्षेत्रफल (हे0 में) | Stage-I की तिथि | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये एन0पी0वी0 धनराशि का विवरण | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरों के अनुसार एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन | | | जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | औसत घनत्व | दर प्रति हे0 | धनराशि (रू0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति हे0 | धनराशि (रू0 में) | |
| FP/UK/ROAD/18704/2016 | V | 0.576 | 08.02.2018 | 0.1 | 657000.00 | 378432.00 | 0.1 | 1005210.00 | 579000.00 | 200568.00 |

उपरोक्तानुसार जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 200568.00 का (Challan Generate) कर ऑनलाइन नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त जमा धनराशि की चालान सहित सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि परियोजना हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही समय से की जा सके। इसके अतिरिक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लेखित सभी शर्तो की अनुपालन आंख्या भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

पत्रांक 221/12-1 / तददिनांकित।

प्रतिलिपि –

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून उक्त के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, मुनिकीरेती को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

AE D
26/07/24
26/7/24

https://d.docs.live.net/0bc96a03d829c461/Documents/Letter (6).docx